सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–**344**
05/04/2026

मुख्यमंत्री ने पश्चिम चम्पारण जिले के वाल्मीकिनगर में विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास, विकास कार्यों का किया निरीक्षण

पटना, 05 अप्रैल 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पश्चिम चम्पारण जिले के वाल्मीकिनगर में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। साथ ही कई विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने वाल्मीकिनगर के दोन नहर शाखा सेवा पथ के पुनर्स्थापन कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि दोन नहर शाखा सेवा पथ के पुनर्स्थापन का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। नहर के तटबंध पर बने सड़क का पक्कीकरण कराया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि इसे जल्द पूर्ण करें। सिंचाई हेतु यह नहर काफी उपयोगी है। इस नहर से बड़ी संख्या में किसानों को लाभ होगा। सरकार किसानों के हित में लगातार काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने गंडक बांध जलाशय के सामने लव–कुश ईको टुरिज्म पार्क के निर्माण कार्य का जायजा लिया और वहां उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। साइट प्लान के माध्यम से अधिकारियों ने लव–कुश ईको टुरिज्म पार्क में निर्माण कराये जा रहे विभिन्न भागों के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग के अतिथि भवन तथा वाल्मीकिनगर ईको पार्क का भी भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने गंडक बराज पहुंचकर वहां की स्थिति का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि सभागार परिसर से 'ईको पर्यटन केन्द्र–वाल्मीकिनगर', प्रमण्डल–2, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने गिद्ध संरक्षण केन्द्र, गोनौली एवं चिउटाहां का उद्घाटन किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने जंगल सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे यहां आने वाले पर्यटकों को जंगल भ्रमण में काफी सुविधा होगी। वाल्मीकिनगर को ईको पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये सरकार द्वारा कई विकासात्मक कार्य कराये गये हैं।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, सांसद श्री सुनील कुमार, विधायक श्री नंदकिशोर राम, विधायक श्री राम सिंह, विधायक श्री विनय बिहारी, विधायक श्री समृद्ध वर्मा, विधान पार्षद श्री भीष्म सहनी, पूर्व विधायक श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री आनंद किशोर, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पर्यटन विभाग के सचिव श्री नीलेश रामचन्द्र देवरे, तिरहुत प्रमण्डल के आयुक्त श्री गिरिवर दयाल सिंह, चम्पारण प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री हरकिशोर राय, पश्चिम चम्पारण के जिलाधिकारी श्री तरणजोत सिंह, बेतिया के पुलिस अधीक्षक श्री शौर्य सुमन, बगहा की पुलिस अधीक्षक श्रीमती निर्मला कुमारी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******